# पर्यटकों की संख्या बढ़ाने को अफसरों संग मंथन

राज्य ब्यूरो,लखनऊ : पर्यटन विभाग ने प्रदेश में विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों के साथ मंथन किया। इस संदर्भ में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे विदेश में उप्र के पर्यटन स्थलों के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करें।

पर्यटन भवन में गुरुवार को हुई बैठक में जयवीर सिंह ने अधिकारियों को इस बात से भी अवगत करवाया कि उप्र में देश के अन्य राज्यों की तुलना में सबसे ज्यादा पर्यटकों का आगमन हो रहा है। इसे बढ़ाने के लिए जरूरी है कि विदेश में उप्र के पर्यटन स्थलों के बारे में लोगों को जानकारी उपलब्ध करवाई जाए।



गुरुवार को भारतीय विदेश सेवा के प्रतिनिधिमंडल ने पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह से मुलाकात की • सूचना विभाग

प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने बताया कि भारतीय विदेश सेवा का प्रतिनिधि दल शुक्रवार तक प्रदेश में रहकर पर्यटन क्षेत्र में हो रहे विकास को और आगे बढ़ाने के लिए मिड कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन करेगा। इस दौरान संयुक्त सचिव विदेश मंत्रालय पीयूष श्रीवास्तव व अनुराग श्रीवास्तव तथा दोहा में तैनात भारतीय राजदूत विपुल के अलावा पर्यटन विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।